॥ ब्राह्मिक याथार्थ्य और ब्रह्मवाद की नानावादानुरोधिता ॥

(लघुग्रन्थसंग्रह-२)

गोस्वामी श्याम मनोहर

प्रकाशक : गोस्वामी श्याम मनोहर,
६३, स्वस्तिक सोसायटी,
जुहु चौथा रस्ता,
विलेपार्ले - मुंबई - ४०० ०५६.

सहयोग प्रकाशन : श्रीमती मीताबेन, घाटकोपर
श्रीमती हंसाबेन गांधी, मुम्बई
श्रीमती स्वाति समीर वोरा, मुम्बई

संकलनकार : गोस्वामी श्याम मनोहर

प्रथमसंस्करण : वि.सं.२०७३, शरत्पूर्णिमा.

प्रति : ५००

निःशुल्कवितरणार्थ

मुद्रक : पूर्वी प्रेस प्रा.ली
राजकोट

॥ श्रीकृष्णाय नमः ॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः ॥

प्राक्कथन

एकस्याद्वितीयस्य बहुभवनप्रकारनिरूपणम्

प्रस्तुत ग्रन्थमें एकमेवाद्वितीय ब्राह्मिक याथार्थ्य कैसे बहुविधभावापन्न होता है, यह दरसाया गया है. ब्रह्मके वेदादि शास्त्रीय चिन्तनके आधारपर जो ब्रह्मवाद स्थापित होता है उसमें ब्रह्मको अचिन्त्य भी स्वीकारा गया है, स्वरूपतः भी और सामर्थ्यके दृष्टिसे भी. अतः अचिन्त्यके चिन्तनकी प्रक्रियामें चिन्तनकी परिछिन्नता और चिन्त्यमान तत्त्वकी चिन्तनमें परिछिन्न न हो पानेकी अद्भुतताका वर्णन इस ग्रन्थकी मौलिक विशेषता है. वैसे तो ब्रह्मको विरुद्धधर्माश्रय श्रुतिसिद्धान्तके आधारपर स्वीकारा गया है और विरुद्धधर्माश्रयता स्वारुढ शाखाका उच्छेद तो नहीं कर सकती. अतः केवल विरुद्धधर्माश्रयताके अन्तर्गत नहीं प्रत्युत सर्वतादात्म्यवाद और तादात्म्यके भेदसहिष्णु-अभेदके स्वभावका अवलम्बन करके उसके तीन आयाम : १.अभेदप्राधान्य २.भेदाभेदप्राधान्य ३.भेदप्राधान्य की दृष्टिको कैसे समायोजित करना उसका इदम्प्रथम प्रयास परिलक्षित होता है. इसे ग्रन्थकारने हिन्दीभूमिका विचारतालिका और संस्कृतश्लोकोंमें निबद्ध किया है. यह ब्रह्म जैसे सर्वसमावेशी होता है वैसे ही ब्रह्मवाद भी सर्वसमावेशी कैसे होता है उसका यहां निदर्शन है.

अविद्यापञ्चपर्वाध्यासदोषोपशमप्रक्रिया

इस गन्थमें अविद्याके पांच पर्वोंसे पंचविध अध्यास उनकी

कर्ममार्ग ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग साधकता और/अथवा बाधकता की संक्षेपमें विवेचना की गयी है. एतदर्थ शास्त्रार्थप्रकरण सिद्धान्तरहस्योक्त पंचविध दोषोंके निरूपणोंकी एकवाक्यता प्रतिपादित की है. अध्यास भ्रमरूप होनेसे ज्ञानमार्गमें बाधक होते हैं परन्तु "कण्टकेनैव कण्टकम्"न्यायसे अध्यासनिवृत्तिके उपायतया वे उपादेय भी बनते हैं. कर्ममार्गमें तो कर्माधिकारिता बिना अध्यासोंके सम्भव नहीं परन्तु निष्काम कर्मानुष्ठानसे आत्मसुखरूप फलप्राप्तिके समय ये अध्यास भासित नहीं होते. भक्तिमार्गमें तो समर्पणप्रक्रियाद्वारा भक्तिके साधक बन जाते हैं. फलरूप समर्पणभावरहित भक्तिमें बाधक भी बन सकते हैं.

श्रुतिगीतासूक्ष्मटीकाकारिकातात्पर्यनिरूपणम्

वेदस्तुतिपर श्रीआचार्यचरणने सूक्ष्मटीका लिखी है जिसे सरलतासे समझनेके लिये ग्रन्थकारने विवक्षित श्रुतियोंका संग्रह कारिका द्वारा इस ग्रन्थमें किया है. ग्रंथके मंगलाचरणमें एकमेवाद्वितीय, अपरिछिन्न और सारें नाम - रूप - कर्म जहां एकनीड हो रहे हों ऐसे कृष्णात्मक ब्रह्मके आश्रयका निरूपण किया है. यह ब्रह्म विधान, अभिधान और विकल्प करके अपोहन द्वारा शब्दभेदका आश्रय करके भिन्न और अभिन्न भी है.

वेदस्तुतिके इस अध्यायान्तर्गत पूर्वपक्ष, सिद्धान्तोंकी समासोक्ति और फल का निरूपण है. पूर्वपक्षमें परिक्षितराजाका प्रश्न है कि सत् ओर असत् से पर ऐसे साक्षाद् निर्गुण ब्रह्मका प्रतिपादन गुणवृत्तिवाली श्रुतियां कैसे कर सकती है? इस प्रश्नके प्रत्युत्तरमें सिद्धान्तोंकी समासोक्ति द्वारा वाक्पति श्रीमहाप्रभुजीने सखण्डाखण्डद्वैतकी

प्रक्रियासे ब्रह्मका "**अनन्तगुणपूर्णो हि...**" कारिकासे पूरा table turn कर दिया! फलके निरूपणमें श्रीमहाप्रभुजी स्वयं श्रीहरिका निरूपण करते है. जिसका सिद्धान्तमुक्तावली ग्रन्थमें भी "**अतस्तु ब्रह्मवादेन कृष्णे बुद्धिर्विधीयताम्**" द्वारा निरूपण है. यहां एक अतीव महत्त्वपूर्ण बात ग्रन्थकार समझा रहे है कि अनन्तगुणपूर्णतासे सगुणताका deduction है नहिकि सगुणताकी inductive leap से अनन्तगुणपूर्णता!

अव्यवहार्य ब्रह्मके व्यवहार्य होनेके लिये सृष्टिकी अनेक प्रक्रियाका यहां निरूपण है. प्रथमतया सच्चिदानंद ब्रह्ममें धर्म विभाजनसे नाम - रूप - क्रियाका interaction होता है. सांख्यशास्त्र प्रक्रियाके अनुसार अव्यक्त प्रकृतिमें पुरुषके सम्बन्धसे प्रकृतिमें होते विकारसे महद्, अहंकार, तन्मात्रा आदि तत्त्वोंकी उत्पत्तिका निरूपण हैं. जिसमें मात्रायें विषयों और इन्द्रियों के बीचमें mediate करती होनेसे रूप और नाम का interaction शक्य होता है. शब्दतन्मात्राको जब सुनते है तब बुद्धिमें नामका समुद्भव होता है और वेदादि शब्दों भी बुद्धिमें विशेषरूपसे धारण हो सकते है. ऐसे त्रिगुणवृत्ति भी निगुर्णमें विचरण कर सकती है! ऐसी ही सृष्टि प्रक्रियाका श्रीभागवतमें इस अध्यायान्तर्गत आती जनलोककी कथासे उपपत्ति दी है. बृहदारण्यक उपनिषद्में इस सृष्टिकी प्रक्रिया मन और वाणी के मैथुन से दरसायी गयी है जिससे रूप और नाम का interaction बताया गया है. ऐसे अनेकविध प्रकारसे सृष्टिमें नाम - रूप का interaction वाच्य - वाचकतया बताया गया है. सिद्धान्तमुक्तावलीमें इसलिये श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते है "**मायिकं सगुणं कार्यं स्वतन्त्रं.. भवतीति श्रुतेर्मतम्**"

पश्चात् श्रीभागवतमें आते इस अध्यायके अन्तर्गत अंतिम श्लोककी "**योऽस्योत्प्रेक्षक आदिमध्यनिधनो..**" संगति ब्रह्मवादकी प्रक्रियासे समझाई है जिसमें ग्रन्थकारने निम्नलिखित ब्रह्मवादके ingredients बतायें हैं :

क. योऽस्योत्प्रेक्षकः - दृश्यमानस्य जगतः आद्यो दृष्टा सएव हि

ख. आदिमध्यनिधनो - जगतश्चादिमध्यान्तरूपं चापि तदेव हि

ग. योऽव्यक्तजीवेश्वरो - जडजीवेशरूपत्वं त्रैविध्यं चैकब्रह्मणः

घ. यः सृष्ट्वेदमनुप्रविश्य - प्रविश्यान्तर्नियमनं स्वसृष्टानां तथा मतम्

ङ. ऋषिणा चक्रे पुरः शास्ति ताः - बाह्यं नियामकं रूपं शाब्दं वेदादिकं मतम्

च. यं सम्पद्य जहात्यजामनुशयी सुप्तः कुलायं यथा - अंशिन्यंशस्थितिः तत्र निजांशानां द्विधा मता

छ. तं कैवल्यनिरस्तयोनिम् - उत्पत्तौ पालने चैवं विश्वसंहरणे तथा

ज. अभयं ध्यायेद् अजस्रं हरिम् - भयाभावैकहेतुं तं नतें तं चाभयं क्वचित्

महर्षिव्यास समग्र वेदको स्तुत्यात्मक मानते है जबकि शौनकऋषि वेदके मन्त्रके बहुतसारें प्रकार बताते है. जिसमेसे एक प्रकार स्तुति है. तो क्या वेद दो प्रकारके हैं? इसके समाधानमें ग्रन्थकार यह बता रहे है कि महर्षि व्यास सृष्टिपूर्व वेदका प्रतिपादन करते है जिसमे सब श्रुतियां ब्रह्मकी स्तुति ही कर रही है और शौनकऋषि सृष्ट्युत्तर वेदका प्रतिपादन करते हैं जिसमें वेदके मन्त्रके बहुत सारें प्रकार बताये गये है. ऐसे समग्र वेद तो एक ही है परन्तु उसका निरूपण स्वरूपसे और लीलासे किस प्रकार भिन्न हुआ है वह समझना जरुरी है.

ग्रन्थोपसंहारमें उपक्रममें पूर्वपक्षका जो समाधान दिया था उसकी एकवाक्यताका निरूपण किया गया है. ब्रह्म तो निर्गुण और गुणातीत है. सत्त्व रज और तमो गुण ब्रह्ममेंसे उत्पन्न होते हैं जिससे ये गुण ब्रह्मात्मक हैं नहिकि ब्रह्म त्रिगुणात्मक है. इन गुणोंमें ब्रह्म केद नहीं हो सकता है. गुणोंमें रही गुणवृत्ति उस निर्गुण ब्रह्मकी लीला है! इसलिये सगुण श्रुतियां अनन्तगुणपूर्णवाले ब्रह्मका अनेकधा प्रतिपादन कर सकती हैं.

भक्तिसर्गभक्तिमार्गाविरोधनिरूपणम्

तृतीयस्कंधसुबोधिनीमें श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं ''**कर्मादिमार्गाः वेदोक्ताः फलतस्ते यदि स्थिराः. सर्गोऽत्र नैव जायेत ततस्तन्नाश उच्यते. कामेन कर्मनाशः स्यात् क्रोधेन ज्ञाननाशनम्. लोभेनापि च भक्तिर्हि धर्मिज्ञानीश्वरैः कृता**''. वेदमें कहे कर्म ज्ञान भक्ति मार्गोंका सर्गोत्पतिहेतु क्रमशः काम क्रोध लोभ द्वारा नाश वर्णित है. साथ ही शास्त्रोक्त प्रक्रियाद्वारा पञ्चकोशकी शुद्धि और फलतः आनन्दानुभूति रूप भक्तिकी प्राप्ति बताई है. इसीकी व्याख्याके रूपमें, वेद और भागवत आदि के सांगोपांग वचनोंद्वारा यह ग्रंथ संकलित हुआ है.

पुरुषोत्तमजोशीवार्तास्थ वचनामृतव्याख्या

ग्रन्थकारने किशनगढ़में वर्ष २०१५में वल्लभवचनामृतके प्रवचन अन्तर्गत इस वार्तापर व्याख्या लिखी है. इस वार्ताके प्रारंभमें श्रीपुरुषोत्तमजोशी प्रश्न कर रहे हैं कि ''**कर्ममार्ग बड़ो के ज्ञानमार्ग बड़ो?**'' तब श्रीआचार्यचरणने प्रत्युत्तरमें कहा कि ''**जाके मनमें दृढ़ जो मार्ग आवे, जामें जाको विश्वास होय वाके भाये तो वह मार्ग बड़ो और बड़ो तो भक्तिमार्ग है जामें जीव कृतार्थ होई. और ज्ञानमारग**

कर्ममारग सों कृतार्थता कठितासो होई. सो काहुसों निर्वाह होय नाहीं. काहेतें? कष्ट साध्य हैं, सो या कालमें शरीरको कष्ट कर्यो न जाइ, जो कोऊ शरीरको कष्ट सहे तो मन ठिकाने न रहें. तातें भक्तिमारगी जीव कृतार्थ होइ. और आश्रय नाहीं.'' इसलिये इस ग्रन्थमें ग्रन्थकार कर्ममार्ग, ज्ञानमार्गकी कठिनता और उत्कृष्ट भक्तिमार्गकी सरलता का वर्णन करते हैं.

शास्त्रमें दरसायी क्रियासे जीवका जब भगवान्में योग होता है तो उसे कर्मयोग कहते हैं. इस कालमें अल्पज्ञानसे, अल्पकामसे और अल्पप्रयत्नों द्वारा जो कर्म करनेमें आते हैं उससे कर्मानुष्ठान सफल नहीं हो पाता है. इस दुःसाध्य कर्मसे क्लेश उत्पन्न होता है और कर्मनिष्ठा निभ नहीं पाती है. जिससे चित्त प्रसन्न नहीं रह पाता है.

आत्मामें ब्रह्मत्वप्रकारक और ब्रह्ममें आत्मत्व प्रकारक विज्ञान ऐसे विभिन्न विधेय और उद्देश्य भावके वश ज्ञानके दो प्रकार होते हैं. चिदंशमें आनन्दके तिरोभावसे चेतनामें मन, बुद्धि इत्यादि उपाधिसे उत्पन्न होता ज्ञान कृत्रिम होता है. इसमें ब्रह्मात्माका ज्ञान नहीं होता है. ज्ञानयोगके साधन करनेपर भी आनन्दधर्मी न होनेके कारण और ऐश्वर्यादिके गुणोंके अभावसे ज्ञानयोग कठिन है. इसलिये ज्ञानयोगमें निष्ठा नहीं निभ पाती है और विफल बन जाता है.

भक्तियोगमें आराध्यकी परोक्षतामें ब्रह्मबुद्धि और अपरोक्षतामें स्वयंके आराध्यमें प्रिय सेव्यता बुद्धि होती है. आराध्य ब्राह्मिक

भगवद्रूप होता है, आराधक भी ब्रह्मांश ही है, भक्तिरूप आराधना भी ब्राह्मिक धर्म है और भजननैरन्तर्य फल भी ब्राह्मिकी शाश्वतता है. जीवमें आनन्दंशके तिरोधानसे षड्गुण तिरोहित होते हैं. भक्तिसाधनासे धर्मिरूप आनन्दके आविर्भावसे ब्राह्मिक रति प्राप्त होनेपर भक्तियोगकी साधना क्लेशयुक्त नहीं रह जाती है. भक्तिके रतिरूप होनेके कारण संयोग और विप्रयोग ऐसे दलद्वय होते हैं. इसलिये भगवान्की ऐसी द्विदलात्मिका लीलासे फलावस्था अथवा साधनावस्था में कठिनता प्रकट नहीं होती है. ऐसे भी जीव भगवदंश है और अंश स्वाभाविकतया अंशीका सेवन करता ही है. अत: भक्तियोगके साधनामें कोइ क्लेश नहीं है. अन्तमें श्रीआचार्यचरण संन्यासनिर्णय ग्रन्थमें वर्णित भक्तिमार्गकी सरलता और उत्कृष्टता **"हरिरत्र न शक्नोति कर्तुं.."** श्लोकद्वारा करते हैं.

"कथा इमास्ते" कारिकोपरि विवरणम्

समग्र सृष्टि ब्रह्मका स्वयंमेसे, स्वयंद्वारा और स्वयंका आत्मरमण है. श्रीभागवतमें जिसका "रेमे निरस्तरति..." द्वारा निरूपण किया है. ब्रह्म स्वरूपकी दृष्टिसे 'निरस्तरति' है (=समोहं सर्वभूतेषु) और लीलाकी दृष्टिसे 'रेमे' (=ये भजन्ति तु मां भक्त्या) है. ब्रह्म समग्र सृष्टिका नियमन इस प्रकार करता है. इस रमणका निरूपण उपनिषद्में उत्पत्ति, स्थिति और लय के द्वारा किया गया है और श्रीभागवतमें इसका ही निरूपण सर्गादि दशविध लीलाके निरूपणद्वारा किया गया है. यहां श्रीमहाप्रभुजीके मतानुसार मुक्ति और आश्रय भी लीला ही हैं! ब्रह्मका जो आश्रयभूत स्वरूप है वह भी उसकी एक विशिष्ट लीला ही है. सर्गादि नवविधलीला आश्रयके लिये है और आश्रय कृष्णके लिये है.

इन द्वादशस्कन्धोंमें जो महान राजाओंकी कथायें आती हैं उनका मूल तात्पर्य भगवद्विज्ञान (भगवदासक्ति) और अन्य विषयोंमें वैराग्य (प्रपंचविस्मृति) ही है. इस आलेखमें ग्रन्थकार दशम और द्वादश स्कन्धोंका विषय कैसे एक है और आश्रयलीलामें निगूढतया छिपा हुआ सुमधुर भक्तिके (निरोधके) स्पन्दनका दर्शन करवाते हैं! जैसेकि आश्रयलीला और निरोधलीला की theme एक ही है stage भी एक ही है किन्तु इस लीलामें प्रकट हुते episodes, characters और dialogues बदल गये है. यहां विज्ञानका अर्थ विशिष्ट ज्ञान (कार्यमें कारणका अन्वय) तक मर्यादित न होकर ऐसा विज्ञान है कि जहां सबकुछ ब्रह्म होते हुए भी कृष्ण ही केवल भजनीय है? न कुछ हेय, न कुछ श्रेय परन्तु भजनीयको अलगसे तराशनेमें भक्तिका जो role है उसका निरूपण किया गया है. ऐसी भक्तिके स्वरूप और फल की सिद्धिके लिये भगवदाश्रयका निरूपण किया गया है.

उपनिषदुक्तरसस्य नाट्यशास्त्रोक्तरसेन ऐक्यमनैक्यम् वेति रसमीमांसा

उपनिषद् और नाट्यशास्त्र में वर्णित रसकी इस मीमांसामें उनका ऐक्य है या तारतम्य यही इस ग्रंथका मूलविषय है.

उपनिषद्में ब्रह्मको "**रसो वै सः**" कहा है. और इसी औपनिषद् ब्रह्मके सत्यसंकल्पसे प्रकटी लीला भागवतमें बाह्य और आभ्यन्तर, ऐसे दो तरहसे वर्णित है. प्रस्तुत आलेखमें विषयवाक्यके रूपमें इन्हीं दो वचनोंको उद्धृत किया है. तृतीयस्कंधमें जहां उत्पति, स्थिति और लय रूपी बाह्य सर्गादि सृष्टिलीलाको रासलीलाके रूपमें कहा गया है और भक्तभावात्मक सृष्टिलीलाको आन्तर

रासलीलाके रूपमें कहा गया है.

उपक्रममें भागवतपुराणके दशमस्कंधके ''**बर्हापीडं नटवरवपुः..**'', ''**मल्लानाम् अशनि..**'' इत्यादि स्थलोंमें 'नटवरवपु' कृष्णकी रसात्मकलीला वर्णित है. इसी तरह शिवपुराणमें भी शिवजीका 'नटराज'के रूपमें उल्लेख मिलता है.

भागवतमें कृष्णको ब्रह्म-परमात्मा-भगवानके रूपमें वर्णित किया गया है. ''रसौ वै सः''ब्रह्मकी अद्वैतरूपता और देश-काल-स्वरूपमें अपरिच्छिन्नता और रसशास्त्रोक्त ''**विभाव, अनुभाव और संचारीभाव से निष्पन्न होते स्थायीभावात्मक रस**''की भेदरूपता और परिच्छिन्नता वर्णित की गयी है. इन दोनोंको जब 'रस' कहा जाता है तब उनके भिन्न या अभिन्न होनेकी मीमांसा की गयी है.

'एकमेवाद्वितीय' अपरिच्छिन्न आनन्द रूपी ब्रह्मकी रासलीलामें दिखलाई देते भेद उसीकी आत्मरतिका ही विस्तार है. जो बाह्य सृष्टिलीलाके रूपमें और आभ्यन्तर भक्तभावात्मक लीलाके रूपमें भी विस्फुरित होती है.

कृष्णभक्तेः रसात्मकत्वनिरूपम्

इस ग्रंथमें श्रीमदाचार्यसम्मत पंचमपुरुषार्थरूपा रसरूपिणी पुष्टिभक्तिका लक्षण देकर विचार किया गया है. साथ ही अनुग्रह और भक्तिके सम्बन्धको भी दर्शाया गया है. वरणात्मक पुष्टिको बीजभाव, प्रेमको अंकुर, आसक्तिको तरु और व्यसनको फलके रूपमें दरसाया है. इसी बीजभावके सिंचनार्थ सत्संग शरणागति

समर्पण नवधाभक्ति आदि उपायोंका निरूपण भी किया गया है. साथ साथ इस रसके आलम्बनविभावादिकी चर्चा की गई है.

पूर्णानन्दपूर्णकामनामनिरूपणम्

इन नामोंमे रही गहराईको समझानेके लिये ग्रन्थकारने व्याख्याकी शुरूआतमें ऐसी शंका की है कि इस नाममें पूर्ण विशेषण अनावश्यक है? इसके समाधानमें उत्पत्ति और उपपत्ति पक्षसे आनन्दके प्राचुर्यका प्रभेद समझाया है. उत्पत्तिपक्षसे **"सत्यं ज्ञानं अनन्तं ब्रह्म. यो वेद निहितं गुहायां.."** श्रुति द्वारा सृष्टिकी उत्पत्तिकी प्रक्रियामें सत् और चिद् अंश से समुद्भूत पंचकोशमें (अन्नमय, प्राणमय, विज्ञानमय, मनोमय और आनन्दमय) आनन्द छिपा हुआ रहता है. यह मन, बुद्धि इत्यादिसे उत्थित अल्प आनन्द सुखदुःखात्मक होता है. इससे विपरीत उपपत्तिपक्षसे सच्चिदानन्दका जो स्वरूपभूत आनन्द है उसका शिर प्रियता है, मोद दक्षिणपक्ष है जो उद्दीपनभावरूप है, प्रमोद उत्तरपक्ष है जो आलम्बनभावरूप है और पुच्छ बह्म है. यह पुरुषोत्तमका आनन्द है जो स्वमहिम्नरूप अक्षरब्रह्ममें नित्य लहराता है! यह आनन्द पूर्णानन्द है जो रस प्रकट करता है.

इस प्रकारसे पूर्णाकाममें रहा हुआ पूर्ण भी किस प्रकारका है उसका यहां विमर्श किया गया है. जिसमें निम्नलिखित सम्भावना हो सकती है:

निरानन्द + सकाम = जीवचेतना (दुःखात्मक)
निरानन्द + निष्काम = जगत् + सायुज्यजीव
सानन्द + निष्काम = अक्षरचेतना
सानन्द + सकाम = पुरुषोत्तम

इसमें सानन्द सकामका ही यहां पूर्णवर्णन किया गया है. यह पूर्णकामसे प्रकट होती लीलार्थ सृष्टि भी रसात्मिका होती है!

यहां जैसे पूर्णानन्द पूर्णकाम नामोंमें श्रुतियोंद्वारा ब्रह्मके दरसाये गये रूप हैं. वैसे "**आचार्यदेवो भव**" विधानसे इन नामोंका श्रीआचार्यचरणपर अतिदेश भी शक्य है क्योंकी श्रीआचार्यचरण प्रभुके मुखारविन्द स्वरूप हैं और "**वस्तुतः कृष्णएव**" द्वारा अपने आचार्यचरण भी ऐसे पूर्णानन्द पूर्णकाम हैं! सर्वोत्तमस्तोत्रके नामोंके पीछे तत्त्वोपदेश और कर्तव्योपदेश छिपे हुअे है. तत्त्वोपदेशका निरूपण उपरोक्त श्रुतियोंद्वारा निरूपित हुआ है. इन नामोंमें कर्तव्योपदेश चतुःश्लोकी ग्रन्थमें "**यदि श्रीगोकुलाधीशो धृतः सर्वात्मना हृदि..**" श्लोकद्वारा निरूपित हुआ है.

वाक्पतिविबुधेश्वरनामनिरूपणम्

श्रीवाक्पति और उनकी वाणीके अर्थरूप श्रीकृष्ण को प्रणाम करके और श्रीमहाप्रभुजीके नामोंमे छिपे हुअे आनन्दको प्राप्त करनेके लिये ग्रन्थकार इन नामोंकी व्याख्या करते हैं. उपक्रममें ग्रन्थकारने ब्रह्मके स्वरूप और कार्य लक्षण दरसाये हैं. ब्रह्मका स्वरूपलक्षण "**सत्यं ज्ञानमनन्तञ्च**" श्रुति द्वारा वर्णित है. स्वरूपतः ब्रह्म देश - काल - स्वरूपसे अपरिछिन्न है. ब्रह्मका कार्यलक्षण "**यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते**" श्रुति द्वारा वर्णित है. लीलातः ब्रह्म अनेक नाम - रूप - कर्म धारण करता हैं. ऐसे सारें रूपोंके ज्ञाता (विबुध) और सारें नामोंके वक्ता (वाक्पति) ब्रह्म स्वयं ही है. यह लीलात्मिका सृष्टि ब्रह्मके स्वभावसे नहीं परन्तु सत्यसंकल्पसे हुई है जिसका निरूपण "**तपस्तप्त्वाऽसृजत् सर्वम् इदं**" श्रुतिमें किया

गया है. इसलिये ब्रह्म वाक्पति ओर विबुधेश्वर हैं.

शास्त्रके आचयन करनेसे और जैसे अंशांशीमें तादात्म्य अवगत होता है वैसे स्वयंश्री प्रभुके मुखारविन्दरूप होनेके कारण इस नामार्थका श्रीमहाप्रभुजीपर भी अतिदेश किया जा सकता है. अवाच्य जो पूर्णानन्द है उसके पूर्णकामरूपेण सृष्टि उत्पन्न करनेके कारण वाक्पतिता और विबुधेश्वरता आती हैं. इस प्रकार नामोंकी संगति बतायी गयी है. ब्रह्मके बहुभवनसामर्थ्यके कारण यह सृष्टि प्रकट होती है इसलिये यह सृष्टि मायिक नहीं परन्तु ब्रह्मात्मक है.

इन नामोंमें प्रकट होती ब्रह्मात्मिका को उभारनेके लिये ग्रन्थकारने निम्नलिखित शंका - समाधान किये हैं.

शंका : शाब्दज्ञानसे इतर अर्थ प्रकट होता होनेसे वाणी और नाम आविद्यक हैं जिससे उसका ब्रह्मतादात्म्य भी मिथ्या है और ब्रह्म भी मिथ्या है. वस्तुतः निर्विकल्पकज्ञान ही प्रमाण है.

समाधान : शब्दका प्रयोग न करनेवालें ऐसे जंगलमें रहते पशुपक्षियां खाद्याखाद्य विकल्पोंमें खाद्यबुद्धि ही प्रकट होती है, इन्द्रियों द्वारा गृहीत होते रूप, गन्ध इत्यादिमें भेद करनेसे ऐसी मति होती है. जैसे बुद्धके संघमें विहार करनेवालेंको अनृत नहीं कहा जा सकता तो फिर चक्षुसे प्रत्यक्षानुभूतिसे प्रकट होते शब्द कैसे भ्रान्तिमूलक माने जा सकते है ?

शंका : वस्तुकी दृष्टिसे संकल्प और विकल्प वस्तुसे उद्भूत नहीं होते हैं किन्तु शाब्दज्ञानमें उनका उपयोग होता है. इसलिये वाणी

मिथ्या है.

समाधान : प्रतीत्य समुत्पादवादिओंकी ऐसी धारणा है. उनके मतमें भी 'धम्मं शरणं' 'बुद्धं शरणं' वाणीके प्रमाणसे ही कहा जाता है! अगर वाणीका प्रमाण नहीं रहा तो शरणका कैसे रहेगा! इसलिये वाणीसे ही वस्तुका निरूपण हो सकता है.

शंका : श्रुतिमें सर्ववस्तुका सामान्य और सारूप्य से वर्णन हुआ हैं. निर्विकल्प प्रमाणका अर्थ भी सारूप्यहेतुवाला है. तो फिर यहां सृष्टिमें जो विलक्षणता दरसायी गयी है उसपे आपत्ति आयेगी.

समाधान : प्रत्ययसे निदर्शनवाला नामसर्ग है उससे रूपका निदर्शन किया जाता है. जैसे बुद्धकी मूर्तिका जो रूप और उस मूर्तिका नाम. अगर बुद्धमूर्तिकी जगह अन्य मूर्ति हों तो विरूपताके कारण वह नाम - रूपका प्रयोग नहीं किया जा सकता हैं. जो प्रमेय है वह प्रमाणका कारकपनेसे द्योतन करता है और प्रमाण है वह प्रमेयका ज्ञापकपनेसे द्योतन करता है. इसप्रकारसे ही वाक्पतिता और विबुधेश्वरता का निरूपण यहां किया गया है.

कृष्णनामसहस्रस्येत्यादिनामत्रयस्य व्याख्या

जगत्को ब्रह्मका कार्य माननेके बजाय जगत् ब्रह्मकी लीला है इस प्रकारका विशिष्टज्ञान होना भक्तिके लिये अत्यन्त आवश्यक है. यह लीलाका निरूपण श्रीभागवतमें सर्गादि दशविधलीला द्वारा हुआ है. इन दशविधलीलाओंके कर्ता स्वयं श्रीकृष्ण ही हैं ऐसा निरूपण श्रीआचार्यचरणने पुरुषोत्तमसहस्रनाम ग्रंथमें किया है. इसलिये श्रीप्रभुचरणने श्रीमहाप्रभुजीके लिये 'कृष्णनामसहस्रस्य वक्ता'नाम प्रकट किया है. पुष्टिजीवोंके बीजभाव भक्त्यात्मक कमलमें खिले ऐसे

अनेकविध उपदेश श्रीमहाप्रभुजीने किये हैं जिसका प्रभुचरणने 'भक्त्याचारोपदेशार्थनानावाक्यनिरूपकः'नाम द्वारा उल्लेख किया है. 'भक्तपरायणः'नाम भी देहलीदीपक न्यायसे दोनों नामोंमें अन्वित हो सकता है.

ग्रन्थकारने इन नामोंमें गूढ़तया छिपे हुए कर्तव्योपदेश और साधना प्रक्रिया का इस ग्रंथमें निरूपण किया है. मूलतः लोकसिद्ध अर्थका विनियोग अलौकिक धर्ममें करनेसे लोकसिद्ध काम क्षीण हो जाता है और जीवन्मुक्त बनके पंचम पुरुषार्थवाली भागवती भक्ति प्राप्त होती है. इस प्रकारकी भक्ति सर्वत्र उपलब्ध ब्रह्म, भीतर बिराजमान परमात्मा, ऊपर रहते भगवान और भूतलपर सहवर्ती श्रीकृष्ण को response देनेमें समर्थ हो पाती है. ऐसी निर्गुणभक्ति उपलब्ध करानेके लिये श्रीमहाप्रभुजीने यमुनाष्टक स्तोत्र प्रकट किया है जिससे दोषोंकी निवृत्ति, भगवद्रति, पुष्टिमार्गीय सकल अर्थोकी सिद्धि, भगवत्तोष और स्वभावपर विजय प्राप्त होता है. यह प्राप्त होनेपर जीवको तनुनवत्वकी सिद्धि और भूतलपर ही श्रीकृष्णकी दिव्यलीलाओंका दर्शनका अवसर मिलता है! पुष्टिजीवके लिये इससे अधिक कृतार्थता क्या हो सकती है! "**नातः परतरो मन्त्रः नातः परतरः स्तवः नातः परतरा विद्या तीर्थं नातः परात् परम्**"

श्रीगोपीनाथप्रभुचरणसप्तविंशतिनामानि

संप्रदायके स्थापनमें आचार्यत्रयी-श्रीमहाप्रभुजी, श्रीगोपीनाथजी और श्रीगुसांईजी-की भूमिका समान है. फिर भी किसी कारणसे दुर्भाग्यवश उनको मर्यादामार्गीय माननेकी भ्रान्तधारणाने उनके इस महत्त्वको क्षति पहुंचायी है.

आलेखकारने श्रीगोपीनाथजीके कुल सताईस नामोंका स्तोत्र संकलित किया है. इन नामोंद्वारा उनका सम्पूर्ण जीवनचरित्र, रचनायें, परिवार, तीर्थाटन, आदि का उल्लेख है. भूतलपर अल्प आयु बिराजते होनेपर भी संप्रदायके प्रति उनके विशाल योगदानको उजागर करनेमें ये नाम महत्त्वपूर्ण सिद्ध होंगे.

'लघुग्रन्थसंग्रह'का प्रथम भाग वि.स.२०७०में प्रकाशित हुआ था. उस संकलनमें कुल बाईस आलेख प्रस्तुत किये गए थे जिनमें सम्प्रदायके दृष्टिकोणसे धर्म-दर्शन, इतिहास और भक्ति को दरसाया गया था. इस संकलनमें बारह लघुग्रन्थ योजित किये गये हैं.

शरदोत्सव-२०७३

निकिता - जगदीश - अनिल

विषयानुक्रमणिका

ग्रन्थक्रम		पृष्ठक्रम
१.	ब्राह्मिक याथार्थ्य और ब्रह्मवाद की नानावादानुरोधिता	०१-२१
२.	एकस्याद्वितीयस्य बहुभवनप्रकारनिरूपणम्	२२-३६
३.	अविद्यापञ्चपर्वाध्यासदोषोपशमप्रक्रिया	३७-४०
४.	श्रुतिगीतासूक्ष्मटीकाकारिकातात्पर्यनिरूपणम्	४१-५४
५.	भक्तिसर्गभक्तिमार्गाविरोधनिरूपणम्	५५-६०
६.	पुरुषोत्तमजोशीवार्तास्थवचनामृतव्याख्या	६१-६८
७.	'कथाइमास्ते' पद्यव्याख्या	६९-८१
८.	उपनिषदुक्तरसस्य नाट्यशास्त्रोक्तरसेन ऐक्यमनैक्यम् वेति रसमीमांसा	८२-९०
९.	कृष्णभक्तेः रसात्मकत्वनिरूपणम्	९१-९२
	परिशिष्टम्	
	श्रीसर्वोत्तमस्तोत्रप्रवचनान्तर्गतनामव्याख्या	**९३-११२**
१०.	पूर्णानन्दपूर्णकामनामनिरूपणम् २०१५	९३ - ९८
	वाक्पतिविबुधेश्वरनामनिरूपणम् २०१५	९९-१०५
११.	कृष्णनामसहस्रस्येत्यादिनामनिरूपणम् २०१६	१०६-११२
१२.	श्रीगोपीनाथप्रभुचरणसप्तविंशतिनामानि	११३-११४
	उद्धृतवचनानुक्रमणिका	११५-१२०

॥ श्रीकृष्णाय नमः ॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः ॥

ब्राह्मिक याथार्थ्य और ब्रह्मवाद की नानावादानुरोधिता

[एकः कथम् अनेकधा सृष्टिं करोति? इति आशंक्य आह 'अचिन्त्यान्तशक्तेः तद् यदेतद् उपपद्यते, अतएव श्रुतौ भेदाः सृष्टेः उक्ताः हि अनेकधा'... श्रुतौ नानाप्रकरणेषु सृष्टिभेदाः सहस्रशो निरूपिताः... श्रुत्यादिभेदेषु नानाप्रकारेण प्रतिपादितत्वाद् अन्योन्यविरोधाद् न किञ्चित् प्रमाणं ब्रह्मणि भविष्यति इति आशंक्य आह 'सर्ववादानवसरं नानावादानुरोधि तद्' वस्तुतस्तु श्रुतौ नानावाक्यानाम् एकवाक्यता निरूपिता, सर्वभवनसामर्थ्येन विरुद्धधर्माश्रयत्वात्... सर्वे वादाः स्वभ्रान्तिपरिकल्पित्वेन वस्तुस्पर्शाभावाद् अनवसरपराहताएव. अस्तु वादिनां हृदयं यथातथा. वाक्यानां सरस्वतीरूपत्वात् कथं न एकवाक्यता इति आशंक्य आह 'नानावादानुरोधि तद्' इति एकैको वादो ब्रह्मणः एकैकधर्मप्रतिपादकवाक्यशेषइति भगवान् तान् सर्वानेव अनुसरति]

(त.दी.नि.१।४०-७९).

महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यकी दार्शनिक व्यवसायात्मिका अवधारणाका अनुव्यवसायात्मक बोध ही महाप्रभुने प्रस्तुत विषयवाक्यतया उदाहृत वचनमें यहां स्पष्ट किया है. महाप्रभुके बहुत बाद, करीब सो सवासो वर्षोंके बाद, महाप्रभुकी दार्शनिक अवधारणाका 'शुद्धाद्वैतवाद' नामकरण संस्कार हुवा लगता है. अन्यथा स्वयं महाप्रभुद्वारा कण्ठोक्त स्वमतसंक्षेप तो "शुद्ध ब्रह्म (देशकालस्वरूपतः अपरिच्छिन्न) ही

साकार (अनन्त नामरूपकर्मात्मना प्रकट) होता है और माया तो उसकी ही उत्तमा (सर्वभवनसामर्थ्यरूपा स्वरूपान्तर्भूता) शक्ति है. और अतएव सर्वत्र (सभी अब्रह्मविदोंको) सम्मोह हो जाता है, परन्तु ऐसे मोहसे मुक्ति पानेका उपाय तो, उस ब्रह्मके मौलिक स्वरूपमें साक्षाद् भक्ति प्रकट होनेपर ही शक्य है'' (सुबो.१।७।४). अतएव सर्वोत्तमस्तोत्रमें गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथ प्रभुचरण भी **''साकारब्रह्मवादैकस्थापको वेदपारगः''** (सर्वो.स्तो.८) संकेतित करके इसी तथ्यकी पुष्टि करते हैं. उल्लेखनीय हो जाता है स्वयं महाप्रभुद्वारा 'शुद्धाद्वैतवाद' अभिधान प्रचलित किया गया होता तो १०८ नामोंमें एकाद नाममें तो प्रयुक्त हुवा ही होता. शुद्धाद्वैतमार्तण्डकार श्रीगिरिधरजी द्वारा मायासम्बन्धसे रहित शुद्ध ब्रह्मके अद्वैतको 'शुद्धाद्वैत' के रूपमें परिभाषित किये जानेपर बादमें यह नाम बहुप्रचलित हुवा है. इस परिभाषामें महाप्रभुद्वारा प्रस्तुत कारिकामें मान्य रखे गये इधर मायाके स्वरूपकी समुचित व्याख्या नहीं हो पाती है तो उधर 'शुद्ध' पदकी भी अतीव संकीर्ण व्याख्या मिल रही है. अन्यथा 'शुद्ध'पदकी और 'अद्वैत'पदकी सुस्पष्ट व्याख्या स्वयं महाप्रभुके शब्दोंमें देखनी हो तो **''अयं प्रपञ्चो न प्राकृतो नापि परमाणुजन्यो नापि विवर्तात्मा नापि अदृष्टादिद्वारा जातो नापि असतः सत्तारूपः[शुद्ध] किन्तु भगवत्कार्यः परमकाष्ठापन्नवस्तुकृति-साध्यः तादृशोऽपि भगवद्रूपः[अद्वैत]''** (त.दी.नि.प्र.१।२३) इस निरूपणमें खोजी जा सकती है.

'पत्रावलम्बन' नामक अपने लघुकाय ग्रन्थमें महाप्रभुका एक अति महत्त्वपूर्ण विधान ब्रह्मके बारेमें यों मिलता है. उसका फलितार्थ यह है कि ब्रह्मवादके अनुसार, वैसे तो देखा जाय तो ब्रह्मकी कोई निरुक्ति=परिभाषा सम्भव ही नहीं है; क्योंकि,

जब ब्रह्मवादका मूल अभिप्राय यह हो कि सभी कुछ ब्रह्म है और ब्रह्मके सिवा कुछ हो ही नहीं सकता तो निरुक्तिके लिये अपरिहार्य इतरव्यावर्तक धर्म मिलना भी शक्य नहीं रह जाता. उसके बिना, अतएव, ब्रह्मको परिभाषित करना भी सम्भव ही नहीं. फिरभी स्वयं ब्रह्म ही एकमेवाद्वितीय होनेपर भी स्वेच्छया स्वसामर्थ्यसे वक्ता वचनक्रिया वाक्य और वाक्यार्थ आदि अनन्तविध रूपभेदोंमें प्रकट भी हुवा है. सो ऐसे ऐच्छिक भेदका अवलम्बन कर कुछ ब्रह्मके बारेमें बोला भी जा सकता है. अतएव ब्रह्म अपने लीलापरिगृहीत भेदवश अवाच्य न भी रह गया हो पर इदमित्थतया निर्वाच्य तो हो नहीं पाता. अतएव उपनिषदोंमें उस औपनिषद पुरुषको 'अनन्यप्रोक्त' भी कहा गया है तो 'अवाङ्मनोगोचर' भी कहा जाता है (द्रष्ट.कठोप.२।८, नृसिंहो.उप.२). वैसे ब्रह्मसूत्रकार "**अथात आदेशो 'नेति-नेति'**" (बृह.उप.२।३।६) श्रुतिवचनका वास्तविक अभिप्राय दिखाते हुवे कहते हैं "**प्रकृतैतावत्त्वं प्रतिषेधति ततो ब्रवीति च भूयः**" (ब्र.सू.३।२।२२) यहां भाष्यकारने यह स्पष्ट कर दिया है कि जागतिक दृष्टिसे सम्भावित धर्मोंका निषेध किया जा सकता है परन्तु वेदैकप्रतिपाद्य ब्रह्मके वेदोपनिषद्में प्रतिपाद्य गुणधर्मोंका निषेध शक्य नहीं.

अतः शुद्धाद्वैतवादके दृष्टिकोणसे महाप्रभुकी वेदादि शास्त्रमूलक दार्शनिक धारणाओंका स्वरूपनिर्धारण करना हो तो तत्तद् वेदोपनिषद्वाक्यचिन्तनके निष्कर्षरूप [१]विरुद्धधर्माश्रयब्रह्मवाद [२]अभिन्ननिमित्तोपादानकारणतावाद [३]सत्कारणतावाद [४]सत्कार्यतावाद [५]आविर्भावतिरोभाववाद [६]कार्यकारणतादात्म्यवाद [७]अंशांशितादात्म्यवाद और [८]लीलारूपसृष्टिवाद इतने आधारस्तम्भरूप वादोंको मान्य रखना और इनसे

विरुद्ध मतोंके पोषक वादोंको अमान्य करना भी ब्रह्मवादी चिन्तनके अन्तर्गत अपरिहार्य विचारनीति है. अत: अचिन्त्य ब्रह्मके बारेमें अपनी सीमित सामर्थ्यवश किये जाते चिन्तनके समय इस नियममें बंधना जितना अपरिहार्य है, उतना ही ब्रह्मके अचिन्त्य स्वरूपके अनुरोधवश इनसे विरुद्ध भी मतवादोंको ब्रह्मके बारेमें शक्य मानना आवश्यक हो जाता है अन्यथा ब्रह्मके स्वरूप और सामर्थ्य को हमारे चिन्तनमें परिच्छिन्न बनानेके हम अपराधी बन जायेंगे. अत: [१]विरुद्धधर्माश्रयब्रह्मवाद और [८]लीलारूपसृष्टिवाद रूपी दो कोष्ठकचिह्नोपम वादोंके अन्तर्भूत [२-७]वादोंसे विरुद्ध वादोंका भी समावेश भी सहज उपपन्न हो पाता है. और उन्हें अपने ग्रन्थोंमें स्वयं महाप्रभुने भी यत्रतत्र अंगीकार किया भी है. कयोंकि महाप्रभुके अनुसार 'तादात्म्य'की अवधारणामें न तो आत्यन्तिक द्वैत और न आत्यन्तिक अद्वैत और न इनके समुच्चय का ही कोई अवकाश है. तादात्म्यका स्वरूप भेदसहिष्णु अभेद माना गया है. एक अद्वितीय की अनेकता नकि सजातीय विजातीय स्वगत भेदोंके वश भिन्न-भिन्न अनेकोंकी किसी तरहके साधारण धर्मकी एकता. उदाहरणतया सर्वथा भिन्न अनेक द्रव्य-गुण-कर्मादिरूप वस्तुओंमें सत्तासामान्यरूप एक वास्तविक धर्मका प्रतिपादन तादात्म्यवादावलम्बी नहीं माना जा सकता. या शब्द और शब्दार्थ के भिन्न होनेपर भी दोनोंमें आहार्य अभेदारोप करनेवाली मति भी विवक्षित तादात्म्यवाद नहीं हैं. स्वयं भेदसहिष्णु-अभेदवादकी तरह अभेदसहिष्णुभेदवाद भी तादात्म्यवादका अन्यतर रूप तो हो ही सकता है. अर्थात् प्रस्तुत सन्दर्भमें एकमेवाद्वितीय सच्चिदानन्द ब्रह्मके सर्वभवनसामर्थ्यवश परस्परभिन्नतया प्रकट हुवे परस्परविरुद्ध अनन्त नाम अनन्त रूप तथा अनन्त कर्मों की अनेकता है. धर्मिरूप सच्चिदानन्द ब्रह्मकी

एकतामें अन्तर्निहित धर्मरूपा सत्ता चेतना और आत्मरति रूपी अनेकताका आविष्करण है.

सर्वप्रथम तादात्म्यवाद अथवा भेदवाद या मिथ्यात्ववाद के परस्पर विरोधके सन्दर्भमें महाप्रभुकी धारणाकी मीमांसा करनी हो तो कुछ विधान अनिवार्यतया अवलोकनीय हैं :

१.'' 'इदं हि विश्वम्' इस विधानमें भगवान्का स्वरूप और चरित्र जो निरूपणीय है उसे दोके बीच भेद मान कर नहीं करना चाहिये. क्योंकि चरित्र यदि स्वरूपसे भिन्न हो तो उसके श्रवणसे संसार ही फलित होगा मुक्ति नहीं. अतः दोनोंके बीच अभेद दिखलानेको 'इदं विश्वं भगवान्' कहा. इस विधानमें उद्देश्यरूप विश्व तो जो प्रत्यक्षसिद्ध है उसका अनुवाद 'विश्व'पद द्वारा हो रहा है. ऐसे विश्वके बारेमें उसके भगवद्रूप होनेका यहां विधान किया जा रहा है. अतः कृतार्थ करनेवाली सर्वत्र भगवद्दृष्टिसे निहारनेकी यह बात है. ''सर्वं खलु इदं ब्रह्म तज्जलान्'' इस श्रुतिका सूचन 'हि'शब्दद्वारा हो रहा है. उत्तम मध्यम और अधम अधिकारोंके भेदवश तीन तरहसे यहां वर्णन करना चाहिये. सो उत्तम अधिकारियोंको होते भानका प्रकार तो दिखा दिया. सो अब मध्यम अधिकारवालोंको 'इदं विश्वं भगवानिव' विश्व भगवान्के जैसा ही लगता है नकि साक्षात् भगवद्रूप. इसका अभिप्राय यह है कि विश्वका सन्मान आदि भगवान्की तरह करनेपर भी आसक्ति तो भगवान्के साक्षात् रूपमें रखनी चाहिये.

निकृष्ट अधिकारवालोंको 'इदं विश्वं भगवान् इतरो' अर्थात् भगवान् विश्वसे भिन्न भासित होते हैं. इस तरहके प्रपञ्चका दर्शन करनेवाला बहिर्मुख भ्रष्ट हो जाता है. प्रश्न उठ सकता है कि एक ही भगवान्के तीन रूप कैसे हो सकते हैं? उसका समाधान 'यतो जगत्स्थाननिरोधसम्भवाः' द्वारा दिया जाता है. क्योंकि जगत्की स्थिति भगवान्में है और भगवान्की जगत्में सो जगत्के स्वयंमें स्थित होनेके कारण जगद्रूप भगवान् ही बने हैं. मध्यमाधिकारवालेको, परन्तु, भगवान्मेंसे जगत्का उद्भव हुवा लगता होनेके कारण कार्यरूप जगत् और कारणरूप भगवान् के बीच तादात्म्य अर्थात् कार्यात्मना भेद कारणात्मना अभेद लगता है. कहा जाता है कि तादात्म्य भेदसहिष्णु अभेद होता है. अतः जगत् भगवान्के जैसा लगता है. और जो समझ नहीं पाते हैं उन्हे लगता है कि भगवान् तो जगत्के प्रलयकर्ता होते हैं सो जगत् नाशवान् है और भगवान् सनातन अविनाशी होनेके कारण जगत्से भिन्न होने चाहिये''.

(सुबो.१।५।२९).

२/क.''जैसे मकड़ी अपने जालको बुननेको एक तार अपने मुखके भीतरसे बाहर उगलती है. उसी तरह भगवान् भी त्रिविध सृष्टि प्रकट करनेको तीन गुणोंको अपने सच्चिदानन्द स्वरूपमें से बाहर प्रकट करते हैं. इनमें सदंशमेंसे निर्गत सत्त्वगुण बन जाता है. केवल चिदंशमेंसे उद्गत रूप क्रियाशक्तिकी प्रधानतावाला और सदानन्दके गौण हो जानेके कारण रजोगुण बन जाता है. और आनन्दांशसे बहिरागत

रूप तमोगुण कहलाता है. आरम्भमें तो ये सत्त्व रज और तम भगवद्रूप ही होते हैं. यद्यपि भगवान्‌में अपने उद्‌गमसे पहले ये नहीं थे, ऐसा काशकृत्स्नका मत है. क्योंकि पहलेसे इन्हें भगवान्‌में विद्यमान माननेपर भगवदात्मक होना मान्य नहीं हो पायेगा. रुईमें सूत पहलेसे कहां होता है? उसे तो कातके बाहर निकालना पड़ता है. रुईमेंसे सूत काते जानेकी प्रक्रियामें रुईके अवयव सूत बन कर निकलते हैं. इसलिये भगवान् पहले निर्गुण थे.

२/ख.''संहत जो अवयव होते है वे उपचित हो कर अपनेमें गुप्त अवयवीको प्रकट करते हैं.''

(सुबो.२।५।१९, २।१।२४).

३.''स्वप्नमें अनुभूत होती सृष्टि मायामात्र होती है क्योंकि 'कात्स्न्र्येन अभिव्यक्त न होनवाला स्वरूप है' किसी वस्तुकी कृत्स्नता उसका निश्चित देश, निश्चित काल और स्वयं वस्तुका किसी तरहका निश्चित स्वरूप हो तो प्रकट होती है. स्वप्नमें वैसी कृत्स्नता प्रकट नहीं हो पाती... ''ऐतदात्म्यम् इदं सर्वं तत् सत्यम्'' (छान्दो.उप.६।८।५)... ऐसी अनेकानेक श्रुतिओंके आधारपर यह जगत् ब्रह्मात्मक है. ब्रह्मके साथ तादात्म्यभावापन्न हानेके कारण सत्य माना गया है. ऐसा स्वप्नप्रपञ्चके बारेमें श्रुतिमें कहा नहीं गया... स्वप्नको दृश्य जगत्‌से भिन्न भी माना नहीं जा सकता क्योंकि जाग्रत अवस्था और स्वप्नावस्था दोनोंको देखनेवाला जीव तो एक ही होता है दो नहीं... स्वप्नमें देवताओंके प्रकट हो कर कुछ आज्ञा आदि प्रदान करनेकी कथा तो उन देवताओंके

जीव और ब्रह्म दोनोंमें मोजूद होनेके कारण प्रामाणिक मानी जाती है. कहीं भगवदावेशके कारण भी स्वप्नका कुछ थोड़ासा संवाद प्रमाणिक माना जा सकता है. अतः जाग्रद्विश्वसे स्वतन्त्र सत्ता स्वप्नजगत्की मानी नहीं जा सकती है. तब तो सिद्ध हो गया कि स्वप्न मायामात्र है.

(अणुभा.३।२।४).

इस प्रतिपादनशैलीका सूक्ष्मेक्षिकया विचार करनेपर यह सिद्ध होता है कि ब्रह्म और जगत् के बीच रहे भेदसहिष्णु-अभेदरूप तादात्म्यके घटक मौलिक अभेदपर दृष्टिभार होनेपर ब्राह्मिक याथार्थ्यकी उत्तमानुभूति होती है.

यदि दृष्टिभार तादात्म्यके घटक भेदाभेद दोनोंपर हो तो मध्यमकक्षाकी ब्रह्मानुभूति होती है. जैसाकि सादृश्यके बारेमें कहा गया है कि ''तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयोधर्मवत्त्वम्''.

और केवल भेदपर दृष्टिभार होनेपर अधमकक्षाकी ब्रह्मानुभूति स्वीकारी गयी है. फिरभी उसे मिथ्यानुभूति नहीं माना गया है.

इसके विपरीत द्रष्टाकी आन्तरालिकी स्वप्नसृष्टि जो अनुभूत होती है, उसकी सत्ता देशकालवस्तुसापेक्ष स्वतन्त्र सत्ता तो हो नहीं सकती. अतः ऐसी देशकालवस्तुनिरपेक्ष सत्ताको मायिक माना गया है. साथ ही साथ देशकालसापेक्ष असमर्थ बाह्यवस्तुके विपरीत देशकालनिरपेक्ष अलौकिक सामर्थ्यसम्पन्न देवादि पदार्थोंके स्वप्नके

उदाहरणमें अनुभूति-अनुभूयमानवस्तुके परस्पर संवादके सम्भावित तथ्यके आधारपर स्वाप्निक अनुभूतिका प्रामाण्य भी अपवादरूपेण मान्य रखा गया है. एतावता अनुभूति और अनुभूयमान विषय के बीच देशकालवस्तुसापेक्ष मिथ्यात्व तो अवश्य कण्ठोक्ततया सिद्ध होगा.

वस्तुकी, परन्तु, आन्तरिक मायिकी सत्ता भी मान्य की गयी है यह अवधारणीय है. उस माया या अविद्या के द्वारा द्रष्टाकी बुद्धिमें उत्पन्न किया गया जो मायिक आकार होता है वह बुद्धिमें भी यदि देशकालवस्तुनिरपेक्षतया विद्यमान न हो तो असत्ख्यातिवाद गलेपतित होगा.

महाप्रभु, जबकि, उसे अस्वीकार कर अन्यख्यातिवादको प्रस्थापित करना चाहते हैं "**'विपर्यास' पुरोवस्थित वस्तुसे किसी भिन्न वस्तुका अवभास होना है. भ्रान्त पुरुषकी क्रिया पुरोवस्थित वस्तुविषयक होती है और ज्ञान किसी दूसरी वस्तुका हो रहा होता है. अतः अन्यख्याति ही सिद्धान्ताभिमत है... बुद्धि स्वयं एक भिन्न तत्त्व है अतः आत्मख्याति मानी नहीं जा सकती. बुद्धिमें भ्रम पैदा होनेके लिये संस्कार और शब्द भरे रहते हैं वे केवल पदार्थकी ही अपेक्षा रखते हैं पदार्थके कहां था या कब था ऐसी देशकालविशिष्टताकी नहीं ... अतः बुद्धिमें पदार्थके संस्कार प्रबल होनेके कारण भ्रमज्ञान उपपन्न हो जाता हो तो अकारण ही जो न सत् और न असत् हो ऐसे रजत्की उत्पत्ति 'शुक्तिरजत'भ्रममें स्वीकारना अनावश्यक है. अतएव जो कहीं भी न हो और कभी भी न हो ऐसा असत् विषय भ्रममें अवभासित होता है यह धारणा भी उचित नहीं लगती. अतः अन्यख्याति ही मानना सभीके अनुभवके आधारपर उचित लगता है**" (सुबो.३।२६।३०).

एतावता यह स्पष्ट हो जाता है कि आन्तरालिकी बोधात्मिका सत्ता महाप्रभुको अमान्य नहीं है.

यह तो अलौकिक सामर्थ्यसे सम्पन्न देवादि पदार्थोंके संवादके अपवादकी है. नामसृष्टिका पृथक् अंगीकार महाप्रभुके दर्शनका जो **''नमो भगवते तस्मै कृष्णाय अद्भुतकर्मणे रूपनामविभेदेन जगत् क्रीडति यो यतः''** (त.दी.नि.१।१) मंगलाचरण है उसके आधार भी सिद्ध तथ्य है.

यहां भी प्रथम ''यः क्रीडति'' पक्षके अन्तर्गत प्रकट होती नाम-रूप-कर्मोंकी विविधता तादात्म्यान्तर्गत अभेदकी प्रधानता लेकर निरूपित हुयी है.

''यः जगद् भूत्वा क्रीडति'' रूप द्वितीय पक्षके अन्तर्गत प्रकट होती नाम-रूप-कर्मोंकी विविधता तादात्म्यान्तर्गत या तो भेदाभेद या भेद की प्रधानता लेकर निरूपित हुयी है.

इसी तरह तृतीय ''यतो जगत् क्रीडति'' पक्षके अन्तर्गत प्रकट होती नाम-रूप-कर्मोंकी विविधता मायाकी प्रधानता लेकर निरूपित हुयी है. अतएव इस कल्पकी व्याख्या करते हुवे महाप्रभु प्रकाशमें कहते हैं **''यहां इन मायिक नाम-रूप-कर्मोंमें भगवान् उपादानतया या निमित्तकारणतया लिप्त नहीं होते(अर्थात् केवल साक्षिभावरूप विवर्तोंके अधिष्ठानतया कर्ता बनते हैं).**

नामसृष्टिका रूपसृष्टिके साथ तुलनात्मक स्वरूप प्रतिपादन करनेवाले

महाप्रभुके वचनके आधारपर इसे निश्चित किया जा सकता है.

> **''रूपसृष्टिकी अपेक्षया नामसृष्टि विलक्षण होती है : रूपसृष्टि अन्तवती तो नामसृष्टि अनन्त होती है, रूपसृष्टि स्थूल और नामसृष्टि सूक्ष्म होती है, रूपसृष्टि विकृत तो नामसृष्टि कूटस्थ अविकृत होती है, रूपसृष्टि जडरूपा और नामसृष्टि बोधरूपा होती है. यहां शंका उठती है कि तब तो नामसृष्टिमें रूपसृष्टिरूप जगत्के विलीन होनेकी शक्यताके कारण प्रलय हो जायेगा. ऐसी आशंकाके समाधानार्थ 'नानावादानुरोधाय' कहा. अर्थात् सिद्धान्त, सिद्धान्ताभास और सिद्धान्तका पाषण्ड ऐसे नाना वादोंके अनुरोधको भगवान् स्वीकार लेते हैं, जो जैसे भगवान्का निरूपण करना चाहता हो उसके लिये भगवान् वैसे बन जाते हैं क्योंकि भगवान्में वाच्य होनेकी तरह वाचक होनेकी भी शक्ति रहती है. वाच्य अर्थ होता है और वाचक शब्द. इन दोनों तरहके रूपधारण करने भगवान् शक्तिमान् होते हैं. जो जैसा बोलना चाहे वैसे अर्थका रूप धारण करने समर्थ होते हैं''.**
>
> (सुबो.१०।१३।४३).

यहां जैसे सिद्धान्तके वाचक विधानोंके अनुरूप भगवान्का वाच्यस्वरूप होता है वैसे ही सिद्धान्ताभास और पाषण्डपूर्ण अपसिद्धान्तके वाचक शब्दोंके अनुरूप भी भगवान्का वाच्यस्वरूप होता है. यहां ब्रह्मवादीय सिद्धान्तके प्रामाण्यके उपपादानार्थ ब्रह्मवादसे विरुद्ध अपसिद्धान्तोंके वाचक शब्दोंके अनुरूप भी भगवान्का वाच्यस्वरूप सम्भव जो माना गया है वह उन्हें ब्रह्मवादके अन्तर्गत मान्य

करने या ब्रह्मवादसे बहिर्भूततया मान्य करने? स्पष्ट है कि ब्रह्मवादके अन्तर्गत मान्य करेंगे तो स्वयं ब्रह्मवादका ही परित्याग करना पड़ेगा. अतः बहिर्भूततया ही मान्य करना पड़ेगा. वह तो ब्रह्मकी औत्सर्गिकी विरुद्धधर्माश्रयतारूप सर्वभवनसामर्थ्यका अवलम्बन करके शक्य बनेगा अथवा आपवादिकी तत्तद्मतिओंके अनुरूप निजस्वरूपधारण करनेकी असाधारण सामर्थ्यके अवलम्बनद्वारा शक्य बनेगा. इसे 'कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं सामर्थ्य' भी कहा जाता है. अतएव महाप्रभुने तत्त्वार्थदीपनिबन्धमें इसे यों समझाया है :

''जबतक ब्रह्मका पूर्णतया ज्ञान नहीं होता तबतक वेद गीता ब्रह्मसूत्र-जैमिनीसूत्र और भागवतकी समाधिभाषा के परस्पर समन्वित एकवाक्यतापन्न शब्दराशीको प्रमाण माननेकी बात समझा कर पूर्णज्ञान सिद्ध होनेपर तो भगवान् सर्वरूप होनेके कारण भगवान्की नामलीलाके भी अनेक प्रकार शक्य होनेसे उनमें प्रकट होते विरोधाभासोंको भुला कर वाणीमात्रको प्रमाण मानना अभीष्ट है. वाणीमात्र प्रमाण होती है क्योंकि अर्थरूप तो भगवान् ही होते हैं. भगवान्की जैसे रूपलीला है वैसी ही नामलीला भी है ही. ऐसी स्थितिमें जिन दो वचनोंमें विरोधाभास लगता हो उसे बुद्धिग्राह्य कैसे बनाना! समाधनतया कहना होगा कि या तो भगवान्की कोई अलौकिक सामर्थ्य स्वीकारनी पड़ेगी या फिर भगवान्के सर्वरूप होनेके कारण उनके परस्पर विरोधी रूप भी हो सकते हैं ऐसे स्वीकारना पड़ेगा.

(त.दी.नि.प्र.१।९).

अतएव महाप्रभुके मतमें ब्रह्मके अखण्डाद्वैतवादकी तुलनामें सखण्डाद्वैतवाद कुछ न्यून कक्षापर मान्य किया गया है. इस उभयविध ब्रह्मवादकी तुलनामें पूर्वमीमांसाप्रतिपाद्य आधिदैविकवाद(अनेकदेवतावाद) , **''यो देवानां नामधा एकएव''-''यो देवानां प्रभवश्च उद्भवश्च''** (ऋक्संहि.१०।८२।३-श्वेता.उप.३।४) ब्राह्मिक तथ्यकी असावधानीके वश और न्यून कक्षापर मान्य रखा गया है.

इस आधिदैविकवादसे न्यूनकक्षापर आता है भेदवाद क्योंकि इसमें **''एकमेवाद्वितीयं... तद् ऐक्षत बहु स्यां प्रजायेय''** (छान्दो.उप.६।२।३) इस ब्राह्मिक अद्वैतमें ऐच्छिक द्वैतके इतिवृत्तकी उपेक्षा की गयी होनेके कारण.

उससे भी अपकृष्ट मायावाद माना गया है क्योंकि इस मायावादमें **''न एनेन किञ्चन अनावृतं न एनेन किञ्चन असंवृतं... इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते. युक्ता हि अस्य हरयो शता दश इति. अयं वै हरयो अयं वै दश च सहस्राणि बहूनि च अनन्तानि च''-''माया च अविद्या च स्वयमेव भवति''** (बृह.उप.२।५।१८-१९-नृसिंहो.उप.९।३) इन श्रुतिओंमें प्रतिपादित मायाब्रह्मैक्यवादको विस्मृत किया गया है. अन्यथा स्वप्नसृष्टिकी अब्राह्मिकता अर्थात् केवल मायिकता तो वाल्लभ वेदान्तमें भी अभिप्रेत है ही (द्रष्ट.सुबो.१०।४३।४३).

अतएव वाल्लभ वेदान्तमें न तो अनिर्वचनीयख्याति और न असत्ख्याति मान्य की गयी है.

ब्रह्मवादके अन्तर्गत जैसे सर्वभवनसामर्थ्यवश कहीं किसी

सृष्टिमें सच्चिदानन्द ब्रह्मके पूर्णतया आविर्भावके साथ एक अनेकभावापन्न होता है वहां ''**ऐतदात्म्यम् इदं सर्वं तत् सत्यम्**'' (छान्दो.उप.६।८।७) श्रुतिवचन द्वारा सिद्ध सर्वब्रह्मतादात्म्यकी जो अनुभूति होती है वह पूर्ण अपरोक्ष ब्रह्मज्ञानकी अवस्थामें ब्रह्मके अखण्डाद्वैतको भासित करती है.

अन्यथा ब्रह्मज्ञानकी शास्त्रीय शब्दजन्य परोक्षानुभूतिमें ब्रह्मके सखण्डाद्वैतको भासित करती है. वैसी अधिकारिता जहां नहीं होती वहां सर्वब्रह्मतादात्म्यकी नाम-रूप-कर्मोकी विविधतामें ब्राह्मैक्यकी अनुभूति या तो परस्पर भिन्न द्रव्यगुणकर्मोमें एक सत्तासामान्यके सदृश होती है या आहार्यबुद्धिके सदृश ही हो पाती है. वह भी ब्रह्मके ''एकोहं बहु स्याम्'' सत्यसंकल्पकी अनुविधायिनी होती है.

अन्ततः ब्रह्म ही अपनी बहुभवनसामर्थ्य तथा बहुभवनकामना के वश माया-अविद्या सत्यानृत रूपोंमें प्रकट हुवा होनेके कारण मायावादानुविधायिनी मति भी ब्रह्मकी लीलाविशेषकी ही अवगाहिनी बन पाती है.

अतः यह सिद्ध हो जाता है कि अखण्डाद्वैत भी अब्राह्मिक होनेपर ब्रह्मवादी वाल्लभ दृष्टिकोणवश अनादरणीय बन सकता है और मायावाद भी ब्रह्मवादकी निकृष्टाधिकारिताके सन्दर्भमें मान्य हो सकता है.

इसे और अधिक महाप्रभुके स्वयंके विधानोंके आधारपर

सुनिर्धारित करना हो तो यह विधान सारे खुलासे कर देनेको सक्षम है :

> **''प्रत्येक पुरुष और प्रत्येक विषय को लक्ष्यमें रख अनेक शास्त्र प्रवृत्त हुवे हैं. भगवान् उन सभी शास्त्रोंके अनुसार सभी प्राणिओंमें खुद विभिन्न लक्षणोंके द्वारा लक्षित रूपोंके साथ अवगत होते हैं. नैयायिकोंको लगता है कि भगवान् केवल कर्ता हैं. मीमांसकोंको लगता है कि क्रिया है. वेदान्तिओंको केवल आत्मा लगते हैं, सांख्य आदिको करण; और इस तरहके विविध दर्शनोंके भेदोपभेदोंके वश किसीको ज्ञान, किसीको ज्ञाता, तो किसीको ज्ञानाधिष्ठान लगते हैं. इन सभीको भगवान्के एक-एकदेशका बोध होता है, अन्धहस्तिन्यायेन. और इस विषयमें उनका बोध और तर्क ही नहीं प्रत्युत स्वानुभव भी दृश्य द्रष्टा बुद्धि आदि करणोपकरणोंकी सामग्रीके सहयोगसे तत्तद् असाधारण चिह्न जो प्रकट होते हैं उन्हें जान पाता है परन्तु वे जीवोंमें तो प्रमाणित हो नहीं पाते; अतः, भगवान्की वैसी विशिष्टताओंके परोक्षज्ञानके जनक बन जाते हैं''.**
>
> (सुबो.२।२।३७).

अतः ब्रह्मके सृष्टिभावापन्न होनेमें आविर्भाव-तिरोभाववाद सत्कारणवाद सत्कार्यवाद अविकृतपरिणामवाद कार्यकारणतादात्म्यवाद अंशांशितादात्म्यवाद ही ब्रह्मवादके उपोद्बलक होते हैं. अन्यथा दूधके दही बननेकी प्रक्रियामें जैसे विकृतपरिणामवाद लोकदृष्ट मान्य

रखना पड़ता है, वैसे ही तन्तुपटके उदाहरणमें आरम्भवादको मान्य न रखनेका कोई कारण नहीं. पृथ्वी जल तेज वायु और आकाश रूपी पांच महाभूतोंसे आरब्ध देहको पाञ्चभौतिक संघात तो मानना ही पड़ेगा. इसी तरह अविद्याके पांच पर्वोंके कारण देहाध्यास इन्द्रियाध्यास प्राणाध्यास अन्त:करणाध्यास स्वरूपाज्ञान आत्मचेतना रूपी अधिष्ठानमें भ्रमारोपित माननेपर विवर्तवादको भी इन्कारा तो नहीं जा सकता. इसी तरह अहन्तामममतात्मक संसारको चिदंशरूप जीवात्मामेंसे आविर्भूत मानना अर्थात् कार्यकारणतादात्म्यवादके अनुरोधवश चिदंश और अहन्तामममता को इतरेतरात्मक मानना सिद्धान्ताभिमत कथा हो नहीं सकती. अत: विवर्तवाद स्वीकारना ही पड़ता है. अहंकारको एक स्वतन्त्र आन्तरिक करण माना गया है परन्तु इसके कारण देहदेहिभाववश जो देहमें भी और देहीमें भी अहंबुद्धि होती है वह प्रतीत्यसमुत्पाद नहीं तो और क्या हो सकता है? अत: लोकदृष्ट कार्यकारणभावके विविध उदाहरणोंमें प्रतीत होती विविधताको ब्रह्मदृष्ट्या आविर्भाव-तिरोभावतया इतरेतरतादात्म्यभावापन्न निहारनेपर भी स्वयं तादात्म्यके भेदसहिष्णु होनेके कारण तादात्म्यघटक भेदवशात् लोकसिद्ध विकृतपरिणाम आरम्भवाद संघातवाद विवर्तवाद या प्रतीत्यसमुत्पादवाद को झुठलानेकी आवश्यकता नहीं.

अतएव वह एकाकिनी अद्वितीय सत्ता कितनी तरहकी सत्ताओंके प्रकारभेदसे प्रकट हो सकती है. और उस विविधताका ब्रह्मवादी प्रक्रियाके साथ, उनके ब्रह्मवादके अन्तर्गत होनेपर समन्वय अथवा बहिर्भूत होनेपर अविरोध कैसे सम्पादित करना, एतदर्थ एक तालिकाके रूपमें स्थालीपुलाकन्यायेन विहंगावलोकन यों किया जा सकता है :


Reality
अनिर्वाच्य
अप्रमित
(वस्तुसम्भावित)
Objective
(वस्तुरूप
प्रमातृबहिर्भूत)
Subjective
प्रत्ययरूप
प्रमात्रन्तर्भूत
∴
निर्वचनं = बुद्धौ भातवस्तुता
प्रमा = वस्तुनि भातविषयता
= सिद्धि
∴
अनिर्वाच्यता
अप्रमेयता
= असिद्धि


Reality
Objective
(प्रमातृबहिर्भूत वस्तुरूप)
Absolute [(ऐकान्तिक = देशकालानवच्छिन्न)]
Spaciotemporal (देशकालावच्छिन्न)△
इतरेतरनिर्भर / सापेक्ष (Relative)
Conditional (औपाधिक)
उपहितप्राधान्य⊗
उपाधिप्राधान्य
आरब्धसंघात (Constructed)
सजातीयावयव
विजातीयावयव
Evolved (परिणत)
अविकृतद्रव्य
विकृतद्रव्य
Dissolved
(विशीर्ण)
कणात्मना
द्रवात्मना
वाय्वात्मना
आकाशात्मना
Divided द्विधा/त्रिधा/बहुधा
(विभक्त)
Imposed/refined/reformed
(मुद्रित / संस्कृत / रूपान्तरित)
धातुआकृति
शिलामूर्ति
पारदभस्म
△ देशकालर्योनियतसाहचार्यादुपाधित्वम्
⊗ उपाध्युपहितयोरनियतसाहचर्यम्
प्राधान्यं विषयतारूपं , अप्राधान्यं प्रकारतारूपं

Reality
Subjective प्रत्ययरूप प्रमात्रन्तर्भूत
Mentally constructed
(संरचितप्रत्यय)
सालम्बन
निरालम्बन
Digitally constructed
सालम्बन
निरालम्बन
Hypothetically imagined
(उत्प्रेक्षित/तर्कित सत्य)
Descriptive (सिद्धनिर्देशात्मक)
Constructed (साध्यप्रयोजनक)
प्रतीत्यसमुत्पाद (तत्त्वज्ञानानिवर्त्य)
Conditional perception
Kaleidoscopic design + Kaleidoscope
उपहितप्राधान्य
उपाधिप्राधान्य
illusionary (तत्त्वज्ञाननिवर्त्य)
(अधिष्ठानसापेक्षभ्रमभात) (अज्ञानमूलकान्यथाभानरूपत्वात्)
Hallucination
(अधिष्ठाननिरपेक्ष) (ज्ञानकरणगतदोषनिरासेन निरास्य)
Synaesthesia
(असंकीर्णप्रत्ययोः संकीर्णवद्भावः)

यहां यह स्पष्टीकरण आवश्यक लगता है कि यद्यपि आकरग्रन्थोंके प्राचीन व्याख्याकारोंने जिन वादोंका प्रत्याख्यान किया है उन्हीं वादोंको वाल्लभ मतमें पृष्ठद्वारसे प्रवेश्य मानना प्रकृतहानि और अप्रकृताभ्युपगम किसीको लग सकता है. शुद्धाद्वैतवादमें; परन्तु, ब्रह्मके अखण्डाद्वैतके जागरुक रहनेपर भी, स्वयं महाप्रभुके द्वारा प्रकट किये कुछ अधोनिर्दिष्ट चार विधानोंपर दृष्टिपात आवश्यक है :

१.''अखण्डाद्वैतभानेतु सर्वं ब्रह्मैव न अन्यथा ज्ञानाद् विकल्पबुद्धिस्तु बाध्यते न स्वरूपतः. भिन्नत्वं नैव युज्येत ब्रह्मोपादानतः क्वचित् वाचारम्भणवाक्यत्वाद् भेदः केन उपजायते ?''.

(त.दी.नि.१।९१-९२).

२.''भेदः पारमार्थिकः इति शास्त्रं पुरस्कृत्य त्रिविधो भक्तियोगः उक्तः तमोरजस्सत्त्वैः भिन्नो, अस्मत्प्रतिपादितः च नैर्गुण्यः. एवं चतुर्विधोऽपि भगवता प्रतिपादितः''.

(सुबो.३।३२।३७).

३.''यदि ब्रह्म तावन्मात्रं भवेत् तदा अयं दोषः. तत् पुनः जीवाद् जगतः च अधिकं कुतः ? भेदनिर्देशात्, द्रष्टव्यादिवाक्येषु कर्मकर्तृव्यपदेशात् विज्ञानानन्दव्यपदेशाद् वा''.

(अणुभा.२।१।१२).

४.''सायुज्येतु रसाधिक्यं भेदेन अनुभवात् सदा''.

(त.दी.नि.३।५।१५५).

इन वचनोंमें देखा जा सकता है कि प्रथम विधानमें ब्रह्मस्वरूपदृष्टिके अनुरोधवश भेदका अस्वीकार है. द्वितीय विधानमें लीलार्थ प्रकटीकृत भेदका अवलम्बन करनेवाले तीन तरहके भक्तिमार्गसे चतुर्थ प्रकारके स्वयं द्वारा प्रतिपादित भक्तिमार्गको महाप्रभु पृथक् मानकर भी अन्य तीनों तरहके भक्तिमार्गोंको अप्रामाणिक नहीं मान रहे हैं. तृतीय विधानमें लीलार्थ प्रकट निज चिदंशरूप जीवात्मासे एकाद्वितीय परमात्माके भेदाधिक्यपर भार दिया गया है. और चतुर्थ विधानमें पुनः स्वरूपदृष्ट्या अमान्य भेदको भी लीलादृष्ट्या अधिक रसात्मक मान लिया गया है. इसमें वदतोव्याघात या गृहीतपक्षत्याग का आरोप लगाया नहीं जा सकता, तादात्म्यके भेदसहिष्णु-अभेद होनेके सिद्धान्तानुरोधके कारण. उसी विचारनीतिका अनुसरण करते हुवे इस प्रस्तुत तालिकाकी भी उपपत्ति समझ लेनी आवश्यक है.

गोस्वामी श्याम मनोहर

॥ श्रीकृष्णाय नमः ॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः ॥

॥ एकस्याद्वितीयस्य बहुभवनप्रकारनिरूपणम् ॥

(मंगलाचरणेनोपक्रमः)

कनीनिकाभिः गोपीनामापीतं श्यामतां गतम् ॥
हृद्यानन्दं परात्मानं नौमि तं श्यामसुन्दरम् ॥१॥
परिभावितस्य भक्त्यात्र भक्तभावानुभावता ॥
नाभावो भवितुं शक्यः सर्वं भवितुमर्हतः ॥२॥
नमो भगवते तस्मै कृष्णायाद्भुतकर्मणे ॥
रूप-नामविभेदेन जगत् क्रीड़ति यो यतः ॥३॥
यत्र येन यतो यस्य यस्मै यद् यद् यथा यदा ॥
स्यादिदं भगवान् साक्षात् प्रधानपुरुषेश्वरः ॥४॥
वाक्पतिकृतव्याख्यानाद् वेदगीतादिशास्त्रगाद् ॥
"नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः"[१] ॥५॥
गीतोक्तार्थस्य मीमांसां कर्तुमत्र मनो मम ॥
सारं सर्वोपनिषदां श्रीकृष्णोक्तं मतं यतः ॥६॥
ततश्छान्दोग्यतैत्तिरीयबृहदारण्यकादिह ॥
संग्रहः श्रुतिवचनानामादौ संनियोजितः ॥७॥

(श्रुतिवचनसंग्रहः)

"कथम् असतः सद् जायेतेति सदेव, सौम्य!, इदम् अग्र आसीद एकमेव अद्वितीयं तद् ऐक्षद् बहु स्यां प्रजायेय इति"[२].

''सत्यं ज्ञानम् अनन्तं ब्रह्म... सो अकामयत बहु स्यां प्रजायेय इति... इदं सर्वम् असृजत. यदिदं किञ्च तत् सृष्ट्वा तदेव अनुप्राविशत्. तदनुप्रविश्य सच्च त्यच्च अभवद् निरुक्तञ्च अनिरुक्तं निलयनञ्च अनिलयनञ्च विज्ञानञ्च अविज्ञानञ्च सत्यञ्च अनृतञ्च सत्यम् अभवत्. यद् इदं किञ्च तत् 'सत्यम्' इति आचक्षते''[३].

''तद्धेदं तर्हि अव्याकृतम् आसीत् तद् नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियते... स एष इह प्रविष्टः आनखाग्रेभ्यो यथा क्षुरः क्षुरधाने अवहितः... अत्रहि एते सर्व एकं भवन्ति''[४].

(एतदाशयनिरूपणम्)

'इदमा' निर्दिश्यमानं वै विश्वमेतत् पुरःस्थितम्॥
सदेवासीद् एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म तत् पुरा॥८॥
तस्यैव विश्वाकारेण 'बहु स्याम्'इति वाञ्छया॥
ब्रह्मात्मकं जगत् सर्वं तदा प्रादुरभूदिदम्॥९॥
कीदृग्बहुत्वं सञ्जातं तदपि श्रुतिनोच्यते॥
'सच्च त्यच्चे'त्यादिरूपं विरुद्धमिव सर्वथा॥१०॥
'सत्यज्ञानानन्त'नाम्नोः ब्रह्मणो जगतः पुनः॥
'सत्या'ख्याद्योतनादत्र 'ज्ञानानन्त'तिरोहितिः॥११॥
सान्तं जडात्मकं सत्यं ज्ञानस्य विषयात्मकम्॥
प्रादुर्भूतं जगदिदं श्रौतमत्र न संशयः॥१२॥
तस्यैकस्याद्वितीयस्य बहुधा व्याकरणं पुनः॥
'सच्च-त्यच्चा'दिरूपैः तत्राप्यनृतसंग्रहात्॥१३॥
''नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः''॥
वाक्येऽप्यनृतमप्यत्र सत्यब्रह्मतया मतम्॥१४॥

इतेरेतरविरुद्धेषु स्वसृष्टेष्वेषु वस्तुषु ॥
मा भून् मिथ्यामतिस्तस्मात् स्रष्टा सृष्टेषु प्राविशत् ॥१५॥
सृष्टेरस्याः पुनश्चाविर्भूतायारुपपत्तये ॥
नामरूपात्मिका सृष्टिः पूर्वमव्याकृतोदिता ॥१६॥
तत्राप्याश्रयरूपेणान्तर्यामितयापि च ॥
बाह्याभ्यन्तरसंस्थितिः ब्रह्मणः प्रतिपादिता ॥
'क्षुरधाने क्षुर'वदेव दृष्टान्तेनोपपादिता ॥१७॥
श्रुतीनामुद्धृतानान्तु तात्पर्यविनिरूपणात् ॥
अथो प्रतिज्ञातविषयप्रवेशः क्रियतेऽधुना ॥१८॥

(विषयप्रवेशः)

सत्यं ज्ञानममन्तञ्चेत्युक्तावेकं हि तादृशं ॥
देशकालस्वरूपैश्चानवच्छिन्नमेव तत् ॥१९॥
एकस्यैवाद्वितीयस्यैच्छिकी भिन्नता ततः ॥
वस्तुसत्तास्वरूपेऽपि सत्ताभेदो ह्यनेकधा ॥२०॥
आनन्त्यमद्वये तस्मिन् रूपनाम्नोश्च कर्मणाम् ॥
तानि ज्ञानात्मकान्येव प्रोक्तं भागवते तथा ॥२१॥

" आसीज् ज्ञानमथो ह्यर्थं एकमेवाविकल्पितम् ॥

.....

वाङ्मनोऽगोचरं सत्यं द्विधा समभवद् बृहद् ॥२२॥
तयोरेकतरो ह्यर्थः प्रकृतिः सोभयात्मिका ॥
ज्ञानन्त्वन्यतमो भावो पुरुषः सोऽभिधीयते" [५] ॥२३॥

" एकएवाद्वितीयोऽभूद् आत्माधारोऽखिलाश्रयः ॥
कालेनात्मानुभावेन साम्यं नीतासु शक्तिसु ॥२४॥
परावराणां परम आस्ते 'कैवल्य'संज्ञितः ॥

केवलानुभवानन्दसन्दोहो निरुपाधिकः''[६] ॥२५॥
इत्यादिवचनैः सिद्धं ज्ञानकैवल्यमेव तत्॥
नचात्मनः पृथग्भूतो ह्यर्थो ह्यासीत् पुरा यदा॥२६॥
आदौतु रूपनाम्नां वै कर्मणां ज्ञानरूपता॥
त्रयाणामपि ब्राह्मैक्यं ब्रह्मणश्च त्रिरूपता॥२७॥

